# उत्तर प्रदेश पी0ए0सी0 मुख्यालय, लखनऊ

महानगर, लखनऊ–226006
फोन : 0522–2337452
फैक्स : 0522–2337453,
सीयूजी : 9454400136
Email: pac@uppac.net


पत्रांकः पीएसी–2–स्थाई आदेश–2019 /1/19
दिनांक :दिसम्बर 18 , 2019

## स्थाई आदेश–02/2019

विषयः प्रतिवर्ष पीएसी स्थापना दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में।

-------

स्थापना दिवस किसी भी संगठन की प्रासांगिकता, गौरव, गरिमा व ऐतिहासिकता को तो रेखांकित करता ही है, यह विभिन्न कालखण्डों में संगठन की सुदीर्घ यात्रा के विभिन्न पड़ावों की मधुर स्मृतियों, उपलब्धियों, आकांक्षाओं व अपेक्षाओं को भी ध्वनित करता है। सुख–दुख मिश्रित प्रगति की यात्रा में स्थापना की तिथि संगठन की अस्मिता को भी ध्वनित करता है। रस्मी तौर पर पिछले वर्षो में इसे मुख्यालय स्तर पर ही मनाया जाता रहा है, किन्तु इस वर्ष पूरे प्रदेश में विभिन्न वाहिनियों में इसे समारोहपूर्वक मनाया गया।

2. भविष्य में 17 दिसम्बर को पूरे प्रदेश में पीएसी स्थापना दिवस अनिवार्य रूप से पीएसी की समस्त वाहिनियों व एस0डी0आर0एफ0 में निम्नानुसार समारोहपूर्वक मनाया जाना सुनिश्चित किया जायः–

1. वाहिनी में क्वार्टर गार्ड की भव्य सजावट कर प्रातः 10 बजे पीएसी के ध्वज को सलामी दी जाय।
2. वाहिनी में खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाय।
3. वाहिनी में सायंकाल बडे खाने का आयोजन किया जाय, जिसमें वाहिनी में उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण अवश्य सम्मिलित हों।
4. आवासीय परिसर में समिति के माध्यम से परीक्षित कर सबसे स्वच्छ व सुन्दर आवास वाले कर्मी/परिजनों को पुरस्कृत किया जाय।
5. वर्ष भर में सर्वोत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी को इस अवसर पर सम्मानित कर पुरस्कृत किया जाय।
6. स्थापना दिवस के फोटोज का एक पृथक एल्बम तैयार कराया जाय।

जोनल एवं अनुभागीय कार्यालयों पर भी इसी तरह पीएसी स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया जाना सुनिश्चित किया जाय।

18/12/19

( विनोद कुमार सिंह )
अपर पुलिस महानिदेशक,
पीएसी उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– समस्त पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी जोन्स, उ0प्र0।
2– समस्त पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी अनुभाग, उ0प्र0।
3– समस्त सेनानायक, पीएसी वाहिनी, उ0प्र0।
4– सेनानायक, राज्य आपदा मोचन बल,उ0प्र0,लखनऊ।

Pal-vividh-2019